**खबर संक्षेप**

## आर.डी.कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन

**मण्डला।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर इंटरमीडिएट युवाओं के लिये दो दिवसीय रोजगार मेला (06-07 मार्च 2024) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय एवं महाविद्यालय के संयुक्त के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले का उद्देष्य विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान किया जाना है। इस हेतु जिले एवं जिले के बाहर से प्रतिष्ठित विभिन्न औद्योगिक एवं व्यवसायिक संस्थान महाविद्यालय में उपस्थित होकर योग्य उम्मीदवार का चयन कर रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। युवाओं के लिये जॉब अवसर तथा प्रायवेट क्षेत्र में स्वरोजगार एवं शासन द्वारा संचालित स्वसहायता/अनुदान योजनाओं से रूबरू कराने तथा आवष्यक मार्गदर्शन करने जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्लेसमेंट ड्राईव (रोजगार मेला) में युवाओं को फील्ड ऑफिसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कर सहायक, बीमा एजेंट, एकाउण्टेंट, सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय सहायक जैसे अनेक पदों पर ऑफर मिल सकेगा। प्लेसमेंट ड्राईव में शामिल होने के लिये उम्मीदवारों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों एवं फोटो कॉपी लेकर उपस्थित रहना होगा। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. व्ही.के. चौरसिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी, उद्यमिता विकास अधिकारी एवं विभिन्न शासकीय संस्थान सहभागिता करेंगे।

## 8 मार्च को मनाई जाएगी भक्तिभाव से महाशिवरात्रि, पर्व की तैयारी शुरू

# महाशिवरात्रि पर बन रहे चार संयोग

*** व्रत पूजन का मिलेगा दोगुना फल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में महाशिवरात्रि पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा। इस बार महाशिवरात्रि पर 4 शुभ संयोग बनने वाले हैं। महाशिवरात्रि के दिन श्रवण नक्षत्र और शिव योग के साथ मकर राशि का चंद्रमा होगा। इसके अलावा सर्वार्थ सिद्धि योग और सिद्ध योग भी बनेगा। इन चार शुभ संयोग में भक्त महाशिवरात्रि में भोलेनाथ की पूजा की जाएगी। महाशिवरात्रि में पूजन और व्रत का पुण्य दोगुना हो जाएगा। महाशिवरात्रि पर नगर में भव्य आयोजन किए जाएंगे। मंदिरों में धार्मिक आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। जिला मुख्यालय के बसस्टेंड शिव मंदिर से शिव बारात समेत अन्य स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाएगी, भंडारे के आयोजन होंगे। शिव महा पुराण के आयोजन शुरू हो चुके है। महाशिवरात्रि पर्व में पूरा नगर शिवमय हो जाएगा।

पंडित नीलू महाराज ने बताया है कि शुक्रवार 8 तारीख को रात्रि 7.26 से महाशिवरात्रि आरंभ हुई है, इसलिए 7.26 से पूर्व पूजन प्रदोष व्रत पूजन कहलाएगा। महाशिवरात्रि का पूजन शुक्रवार की रात्रि 7.26 बजे से आरंभ होगा और चार पहर रात्रि का पूजन विशेष पूजन होगा। निशीथ काल का पूजन सबसे महत्वपूर्ण फलदाई पूजन कहलाता है, शुक्रवार को निशीथ काल का पूजन सबसे ज्यादा प्रभाव कारी होगा। रात्रि पूजन में प्रथम पहर 6 से 9 बजे तक, 9 से 12 बजे रात्रि तक द्वितीय प्रहर 12 से 3 बजे रात्रि तक तृतीय प्रहर और 3 बजे से 6 बजे तक चतुर्थ प्रहर का पूजन होगा। शनिवार को शाम 5.08 तक महाशिवरात्रि पर्व है। महाशिवरात्रि की उदयातिथि शनिवार को है लेकिन यह पर्व रात्रि का होने के कारण शुक्रवार को मनाया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर बन रहे ये शुभ संयोग

महाशिवरात्रि के दिन शिव योग, सिद्ध योग और सर्वार्थ सिद्धि योग और श्रवण नक्षत्र का संयोग हो रहा है। इस दिन कुम्भ राशि पर शनि मूल त्रिकोण में बैठे हैं। इसके साथ सूर्य, चंद्रमा और शुक्र भी विराजमान हैं। इसके अलावा महाशिवरात्रि के दिन शुक्र प्रदोष व्रत भी है। ऐसे में यह अद्भुत संयोग विशेष फलदायी है। इस दिन भगवान शिव की पूजा से कई गुना फल मिलेगा। सिद्ध योग में गणेश जी शुभता और सफलता प्रदान करते है, श्रवण नक्षत्र के स्वामी शनिदेव है जो भगवान शिव के भक्त है, इस नक्षत्र में किए कार्य शुभ माने जाते है। सर्वार्थ सिद्ध योग में शिव का पूजन करने से मनोकामना पूर्ण होंगी। वहीं शिव योग में साधना, मंत्र जप का अच्छा फल मिलेगा। जिससे चार संयोग के बीच भगवान शिव का पूजन, व्रत का पुण्य दोगुना हो जाएगा।

### रेवा दरबार में रूद्री निर्माण

यज्ञाचार्य भागवत रसिक नीलू महाराज ने बताया कि सिद्धघाट रेवा दरबार छोटा रिपटा मंडला में शुक्रवार को 8 तारीख को संध्या आरती के बाद काशी बनारस की मृतिका से शिवलिंग रुद्री निर्माण कर अनेक औषधियों के रस से निशीथ काल में महाअभिषेक और अर्चन किया जायेगा। इसके बाद रुद्र यज्ञ किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### इन राशि वाले को करना चाहिए ये ज्योर्तिलिंग के दर्शन

पंडित नीलू महाराज ने बताया है कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव शंकर को प्रंसन्न करने के लिए भक्त कई जतन करते है। वहीं अलग-अलग राशियों के जातक को अलग-अलग ज्योर्तिलिंग के दर्शन और पूजन से अलग-अलग फल की प्राप्ति होती है। 12 राशियों के लिए 12 ज्योतिर्लिंग हैं। जिनका पूजन और दर्शन करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।



## केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत



*** लोकसभा प्रत्याशी घोषणा बाद प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को पुनः आठवीं बार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी घोषित किया गया है, मंडला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात प्रथम मंडला आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति में श्री कुलस्ते का गर्म जोशी के साथ कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया कार्यालय में कार्यकर्ताओ ने मिठाई खिलाकर कर शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर श्री कुलस्ते ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और जनता के आशीर्वाद से उन्हें आठवीं बार मंडला लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का फिर एक बार अवसर मिला है, निश्चित रूप से लोकसभा क्षेत्र की जनता के जनादेश और उनके आशीर्वाद से मण्डला लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी अपना जीत का परचम फहराएगी, उन्होंने केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की प्रदेश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के प्रति पूरा भरोसा है, इसलिए मध्यप्रदेश की सभी लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी को पूरा बहुमत मिलेगा। स्थानीय नागरिकों जनप्रतिनिधिगण सर्किट हाउस पहुंचकर केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते का आत्मीय स्वागत कर उन्हे बधाई दी, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, नगर अध्यक्ष अनुराग चौरसिया, विनोद कछवाहा, राजेश पाठक मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, सुरेंद्र दुबे संदीप सिंह नीलेश बाजेयी उमेश शुक्ला प्रफुल्ल मिश्रा, जय दत्त झा, सुदीप ब्रजपुरिया, आशीष झरिया, जोरावर सिंह, प्रवीण तिवारी दिनेश चौधरी अभिषेक बिलैया, जितेंद्र बर्वे, नरेश सिंधिया, नरेश कछवाहा, अमित शर्मा सावन चौरसिया सौरभ गुप्ता, यशवंत तिवारी, सुधीर दुबे, रानू राजपूत, आनंद जैन संजय गुप्ता शानू दुबे, नीरज कांड्रा अंकित जोशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पत्रकारिता का उद्देश्य समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने और लोगों में जागरूकता लाना है-राष्ट्रीय संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सोमवार को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद तहसील ईकाई घुघरी के द्वारा सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन कार्ड संस्था परिसर हाल घुघरी में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नलिनकांत बाजपेयी राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद, शिव तिवारी समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, देवशंकर अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष, ठाकुर सुजीत सिंह संभागीय महासचिव, संभागीय उपाध्यक्ष हनुमान तिवारी, जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवं समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया। तहसील ईकाई अध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर ने तहसील ईकाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से बताई। वहीं जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मण्डला जिला ईकाई जिले के 9 विकासखंडो के साथ ही सभी तहसीलों में गठित की जा चुकीं हैं। संगठन पत्रकारों के हितों में लंबे समय से काम कर रहा है। वहीं पत्रकारों ने मंचासीन अतिथियों का पुष्पहार एवं मोती की माला से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की विशेष भूमिका है पत्रकार आलोचना के माध्यम से गलतियां सुधारने का अवसर प्रदान करते है। पत्रकार एक तरह से समाज को जागरूक करता है। समाज के लोगों को एक पत्रकार विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियां देता है। वहीं राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने और लोगों में जागरूकता लाना है। अगर लोग जागरूक होंगे तो सरकार जागृत होगी और सरकार जब जागरूक होगी तो लोगों के लिए भी बहुत कुछ अच्छा करेगी। उन्होने कहा कि शासन-प्रशासन के संज्ञान में समय-समय पर कमियों को उजागर करने संगठन परिषद हमेशा तत्पर रहता है। कमियों के साथ साथ अच्छाईयों की प्रशंसा भी जरूर करें। वहीं समाज कल्याण के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी ने संगठन की गतिविधियों से अवगत कराते हुए सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष हनुमान तिवारी ने संगठन की विस्तृत जानकारी मंचासीन अतिथियों को दी और कहा कि राष्ट्रीय स्तर का यह संगठन भारत के 14 राज्यों में जा पहुंचा है। संगठन ने सामान्यता का अधिकार सभी सदस्यों को दिया गया है। उन्होंने तहसील ईकाईयों के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। वहीं जिला पंचायत सदस्य गीता मरावी ने कहा कि घुघरी पहली बार पत्रकार संगठन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जा रहा है। उनकी जानकारी में यह पहला कार्यक्रम है उन्होंने स्थानीय पत्रकारों की सराहना की और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पत्रकारों के साथ हैं।

## रपटाघाट फोटो प्रतियोगिता प्रविष्टि का आज अंतिम दिन, कल मिलेंगे पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सलोनी सिडाना के प्रयासों से रपटाघाट मण्डला को एक नई सौगात प्राप्त हुई घाटों में शानदार पेंटिंग ने सभी का मन मोह लिया। नर्मदा जयंती के अवसर पर कराये गये इन कार्यो की सभी ने दिल खोलकर तारीफ की। हर उस श्रद्धालु ने जिसने की नर्मदा जयंती पर रपटाघाट पहुंचकर पूजा-अर्चना की और वे भी श्रद्धालु जो नर्मदा जयंती के बाद सिर्फ और सिर्फ इन घाटों में हुई पेंटिंग को देखने आ रहे हैं। आने वाले श्रद्धालु इन पेंटिंग के साथ अपने फोटो भी सोशल मीडिया में अपलोड कर रहे हैं इसी को देखते हुये जिला प्रशासन एक फोटो प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें रपटाघाट के फोटो अपने अंदाज खींचे गये उन्हें जमा करने की तारीख एक दिन बढ़ा दी गई अब वे आज तक जमा हो सकते हैं और कल इन पर पुरूषष्कार घोषित किये जायेंगे।

**सनसनी** | **रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम ले गई बाघ को।**

# आबादी क्षेत्र में पहुंचा बाघ, मची सनसनी

*** लोगों के बीच की चहल-कदमी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कल सिझौरा ग्राम के रैयत में उस समय सनसनी फैल गई जब लोगों ने अपने बीच एक बाघ को चहल-कदमी करते देखा। बाघ ने एक बकरी का शिकार करने का भी प्रयास किया लेकिन लंगड़ाकर चलते बाघ से शिकार करना संभव नहीं हुआ इसके बाद यह बाघ आसपास घूमने के बाद एक झोपड़ी के किनारे जाता गया और इसी दौरान वन विभाग की टीम ने अपना रेस्क्यू प्रारंभ किया।

मण्डला जिले के कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत परिक्षेत्र सिझौरा के ग्राम सिझौरा रैयत में प्रातः 6.00 बजे एक बाघ की उपस्थिति आबादी क्षेत्र में देखी गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी, सिझौरा को फोन पर दी गई। परिक्षेत्र अधिकारी, सिझौरा तत्काल मौके पर पहुंचकर कान्हा टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र संचालक एवं अन्य अधिकारियों को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही घटना स्थल पर क्षेत्र संचालक कान्हा टाईगर रिजर्व एवं रेस्क्यू दल पहुंचकर बाघ का अवलोकन किया गया। उक्त बाघ कान्हा टाइगर रिजर्व के टी 67 के रूप में चिन्हित किया गया। जिसकी उम्र लगभग 12 से 13 वर्ष है। बाघ की स्थिति कमजोर पायी गई। बाघ के पैर में चोट होने के कारण वह काफी कमजोर हो गया था तथा चलने में कठिनाई महसूस कर रहा था। ग्रामीणों की भीड़ के कारण वह निकटवर्ती जंगल की ओर जाने का प्रयास कर रहा था किन्तु व्यवधान होने से घर की बाड़ी के समीप बैठ गया। क्षेत्र संचालक एस.के. सिंह, भा.व.से. द्वारा बाघ की स्थिति के बारे में मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, मध्य प्रदेश, भोपाल को फोन पर सूचना दी जाकर घायल बाघ के रेस्क्यू हेतु अनुमति प्राप्त की गई। औपचारिक अनुमति प्राप्त होने के उपरांत कान्हा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम ने एन.एस. यादव, उप संचालक, बफरजोन वनमण्डल, मण्डला, डॉक्टर संदीप अग्रवाल, वन्यप्राणी चिकित्सक की उपस्थिति एवं क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व के नेतृत्व में घायल बाघ का रेस्क्यू किया गया। निश्चेतन उपरांत बाघ के निरीक्षण में पाया गया कि बाघ के चारों केनाइन दांत टूटे हुए पाए गए एवं उसके पैरों में गहरी चोट लगी हुई थी। बाघ की कमजोरी को देखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि निकट भूत में शिकार नहीं कर पाया होगा, जिसके कारण वह कमजोर हो गया था। घायल बाघ का अग्रिम परीक्षण एवं स्वास्थ्य उपचार हेतु कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की स्थित क्वॉरेंटाइन सेंटर ले जाया गया जहां पर आगामी तीन से चार दिन में उसके स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा एवं इसके पश्चात उसकी स्थिति का आकलन कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

इस रेस्क्यू कार्य में पूर्व सामान्य वनमण्डल, मण्डला के अंतर्गत परिक्षेत्र बिछिया का वन अमला, केन्द्रीय पुलिस बल का अमला एवं राजस्व विभाग के अमले द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने में विशेष सहयोग किया गया।

## नवनियुक्त शासकीय कर्मियों को प्रदाय किए गए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्वच्छता प्रेरणा समारोह के अंतर्गत नगरपालिका टाऊनहॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंचाधीन अतिथियों ने नवनियुक्त शासकीयकर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर शुभकामनाएँ दीं। साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरपालिका की टीम, इनरवाईश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, पार्षदगण, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम में लालपरेड मैदान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे पूरी क्षमता से कार्य करने का आव्हान किया। नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जिला एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी महती भूमिका अदा करें।

*** नगरपालिका सभाकक्ष में आयोजित किया गया स्वच्छता प्रेरणा समारोह।**

**प्ररूप छ -3**

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 - ग ( 3 ) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप

कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित दाढ़ीभानपुर
पंजीयन क्रमांक 461 दिनांक 31.10.1988

मण्डला, दिनांक 04.3.2024

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक को साधारण सम्मिलन / विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है।
अतएव, सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप / सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटीयें कार्यालय, संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 08.2.2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 04.3.2024 से दिनांक 12.3.2024 तक सोसाइटी कार्यालय में प्रशासक को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 11.3.2024 को 1.00 बजे दिन से किया जायेगा।
आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

(श्रीमती प्रार्थना गजभिये)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
प्राथमिक वनोपज सहकारी सोसाइटी मर्यादित मण्डला

## खबर संक्षेप

### नगर में पोस्टरों के चलते हरियाली की चुनरी को लग रहा ग्रहण

**गाडरवारा।** शहर की सड़कों के किनारे और व्यस्ततम माने जाने वाले इलाको में विभिन्न संस्थाओं ने पूर्व वर्षो में जो वृक्ष लगवाये थे वे भले छाया देने की स्थिति में आ गए है, किन्तु प्रशासन की अनदेखी से इन वृक्षो को प्रचार प्रसार का माध्यम बनाने का सिलसिला चल रहा है। बताया जाता है कि शहर की सड़कों के किनारे सीना तान खड़े वृक्षो पर कीलें ठोंकरकर बड़े पोस्टर, बैनर, प्लेक्स लगाकर वृक्षो को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिससे जहां नगर में फैलने वाली हरियाली की चुनरी को ग्रहण लग रहा है तो दूसरी ओर हरेभरे वृक्षो का उपयोग विज्ञापन वोर्डो के रूप में करने का विरोध करते हए शहरवासियो का कहना है कि भारतीय संस्कृति में वृक्षो को देवता माना गया है, वृक्ष सजीव होते है, उन पर कीलें, ठोंकना, व्यापारिक स्वार्थ के लिए उनका उपयोग करना उचित नहीं है। वृक्षों पर पोस्टर, बैनर लगाने से शहर का सौंदर्यीकरण जहां प्रभावित होता है, वही बारिश के दिनों में ऑधी, पानी से भी वृक्षो में लगे बड़े बड़े पोस्टर, बैनर दुर्घटनाओं का सबब भी बन सकतें है तथा स्कूली बच्चो के लिए भी ये खतरनाक साबित हों सकतें है। शहरवासियो ने नपा. से गुहार लगायी है कि जनहित में नगर के वृक्षो में लगे बैनर, पोस्टर हटवाये जाए, साथ ही मनचाहे ढंग से कही भी होर्डिग्ज लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### सड़कों पर गड्ढे होने वाहन चालक हो रहे परेशान

**गाडरवारा।** शहर में लगातार विकास होने के बाद भी देखा जा रहा है कि शहर की अधिकतर सड़को पर गड्ढे व दरारे होने से वर्तमान में प्री मानसून बारिश के दौर में राहगीरों के साथ साथ वाहन चालको को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है, क्योंकि सड़कों पर निकले हुये इन गड्ढो में जब पानी भरा रहता है तो यह बात समझ नही आती है कि गड्ढे की गहराई कितनी है जिसके चलते अचानक वाहन गड्ढे में चले जाने के कारण वह अनियंत्रित हो जाता है जिसके चलते आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है, इस हाल नगर के अंदर वाली सड़कों पर अनेक जगहों पर आसानी से देखने मिल रहा है।

### खेल प्रतिभाएं तलाश ने मुहिम चलना जरूरी

**गाडरवारा।** इन दिनों चल रहे ठंड के दौरान शहर के पुराने कालेज ग्राउंड और अन्य स्थानों पर क्रिकेट खेलकर अपना मनोरंजन कर रहे है और उनके क्रिकेट खेलने के बेहतर तरीकों को देख शहरवासियो को अहसास होने लगा है कि शहर में खेल प्रतिभाएं भरी पड़ी है और उन्हे प्रोत्साहित करने मंच देने की जरूरत है। गौरतलब है कि पूर्व में नगर के क्रिकेट खिलाडियों व शहरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह नगर के पुराने क्रिकेट के खिलाड़ियो का सहयोग लेकर शहर में खेल प्रतिभाएँ तलाशने के लिए ग्रीष्मावकाश की अवधि में मुहिम चलाये, ताकि भविष्य में तलाशी गयी खेल प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म, प्रोत्साहन मिल सके और वे शहर का नाम रोशन करने में सफल हो सके।

### गाडरवारा कौड़िया मार्ग के किनारे धर्म के नाम पर किया जा रहा अतिक्रमण

**गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा सड़क के किनारे किये जाने वाला अतिक्रमण वाहन चालकों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा कौड़िया मार्ग पर देखने मिल रही है, जहां पर कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय स्तर के मार्ग के किनारे धर्म के नाम पर अतिक्रमण करते हुये उसे टाईल्स लगाते हुये पक्का किया जा रहा है जो निश्चित तौर से यातायात में बाधक बनने से नही चूक रहा है? मगर इस तरह धडल्ले से हो रही अतिक्रमण की ओर न तो जिम्मेदार अधिकारियां द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसका परिणाम आमजन को भोगने के लिये मजबूर होना पड़ेगा।

**मगर इसके बाद भी खंडहर में तब्दील होने के लिये हो रही मजबूर, उपयोग हुये बगैर ही टूटते हुये नजर आने लगी टाईल्स सहित अन्य सामग्री**

# दादा धूनी वालों की नगरी साईखेड़ा स्थित कृषि मंडी की अजब कहानी निर्माण के चार साल बाद मुश्किल से हो पाया था लोकार्पण






**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** लाखों रूपया की लागत से किसानों के हितों को देखते हुये दादा धनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बनाई गई कृषि मंडी की सच्चाई निश्चित ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदारों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है। बताया जाता है कि इस कृषि मंडी के निर्माण के लगभग चार साल बाद बड़ी मुश्किलों से यानि की 13 जनवरी 2021 को प्रदेश के तत्कालीन कृषि मंत्री द्वारा लोकापर्ण तो कर दिया गया था। मगर इसके बाद भी प्रक्रिया के तहत इस मंडी में शुभारंभ नही होने के कारण जहां क्षेत्र के किसानों को इसका कोई लाभ नही मिल पा रहा है और अपने लोकापर्ण के तीन साल का समय बीत जाने के बाद भी ताला लटका हुआ देखने मिल रहा है। तो दूसरी ओर मंडी की हालत इस तरह बने चुके है कि वह उपयोग हुये बगैर ही मंडी कार्यालय में लगे हुये टाईल्स सहित अन्य प्रकार की सामग्री टूटते हुये दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर मंडी कार्यालय में सुरक्षा के किसी भी प्रकार से प्रबंध नही होने के चलते शराब खोरी का अड्डा बन चुका है..? क्योंकि 24 घंटे गेट खुले रहने के कारण जहां मंडी परिसर में असामाजिक तत्व बेरोकटोक के आना जाना करते हुये आम बात बन चुकी है। ज्ञात हो कि लाखों रूपया की लागत से इस मंडी का निर्माण कार्य वर्ष 2017-18 में हुआ था। मगर निर्माण के बाद जहां मंडी का शुभारंभ नही होने के कारण क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ नही मिल पा रहा था जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिये मजबूर होकर गाडरवारा, उदयपुरा या अन्य जगहों की मंडियों में ले जाना पड़ता था। इस स्थिति में किसानों को अनाज पर मिलने वाले भाव को काफी पैसा तो अपने अनाज को लाने ले जाने में भाडे के रूप में ही खर्च हो जाता था। यदि क्षेत्र के किसान अन्य दूसरे शहरों की मंडी में अपना अनाज विक्रय ले जाने में असमर्थ रहते थें तो उन्हें निजी व्यापारियों को आने पोने दामों विक्रय करने की मजबूरी बन जाती थी। वही दूसरी ओर देखा जा रहा था कि लाखों की लागत से निर्मित हुई इस मंडी के शुभारंभ नही हो पाने की स्थिति में जहां किसान तो परेशान थें ही दूसरी ओर मंडी की भूमि लगातार अतिक्रमण की भेंट चढ़ते हुये दिखाई देने लगी थी तथा नव निर्मित मंडी लगातार खंडहर में तब्दील होने से नही बच पा रही थी। इस तरह अपने शुभारंभ को बाट जोहते हुये खंडहर की ओर जाने वाली इस मंडी के शुभारंभ की सच्चाई को जहां हरिभूमि द्वारा लगातार प्रकाशित करते हुये अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कुंभकर्णी निंद्रा को भंग करने का प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी तो दूसरी ओर क्षेत्र के कृषक व किसान संघ के कार्यकर्ता राकेश खैमारिया द्वारा भी मंडी शुभारंभ को लेकर अनेको बार क्षेत्र में आने वाले मंत्रियों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को आवेदन निवेदन रूपी ज्ञापन सौपे जाने के बाद उन्हे भी शीघ्र मंडी शुभारंभ का भरोसा ही मिलते हुये देखा जा रहा था। वही दूसरी ओर 30 नम्बर 2020 को क्षेत्र की तत्कालीन विधायक श्रीमति सुनीता पटैल द्वारा भी सांईखेड़ा स्थिति मंडी के शुभारंभ को लेकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर शीघ्र ही मंडी शुभारंभ करने की मांग उठाई गई थी। इस तरह अपने निर्माण से लगभग 4 वर्ष का इंतजार करने के बाद दादा धूनी वालो की नगरी सांईखेड़ा में लाखों रूपया से बनी हुई इस कृषि मंडी का लोकापर्ण दो वर्ष पहले यानि की 13 जनवरी 2021 को प्रदेश के तत्कालीन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कमल पटैल के मुख्य आतिथ्यि व क्षेत्र के तत्कालीन सासंद व वर्तमान प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल व तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह पटैल की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ था और क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर मुस्कान भी देखने मिल रही थी। क्योंकि मंडी के लोकापर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुये प्रदेश के तत्कालीन कृषि मंत्री पटैल द्वारा खुले शब्दों में कहा गया था कि अब क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल विक्रय करने के लिये बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी आज से उनकी मांग को ध्यान में रखते हुये सांईखेड़ा में मंडी का शुभारंभ कर दिया गया और वह अपना अनाज आसानी से विक्रय कर सकेगे। मगर पता नही सांईखेड़ा की इस मंडी के ऊपर आखिरकार कौन सा ग्रहण लगा हुआ है जिसके चलते जहां वह अपने निर्माण के बाद 4 साल तक लोकापर्ण का इंतजार करती रही और जब लोकापर्ण हुये लगभग 3 साल का समय बीत जाने के बाद भी क्षेत्र के किसानों को इस मंडी का कोई लाभ नही मिल रहा है तथा लोकापर्ण के पूर्व की तरह आज भी मंडी कार्यालय में अलीगढ़ का ताला ज्यो का त्यो लटका हुआ दिखाई देने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर मंडी कार्यालय भवन की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो हालत यह बनते हुये देखी जा रही है कि उपयोग बगैर ही यहां पर लगे हुये टाईल्स सहित अन्य प्रकार की सामग्री टूटने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस तरह जिम्मेदार नेताओं व क्षेत्र के अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां क्षेत्र के किसान सांईखेड़ा नगर में मंडी होने के बाद भी अपना अनाज विक्रय करने के लिये गाडरवारा या फिर उदयपुरा सहित अन्य जगहों को भटकते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर लाखों रूपया की लागत से बनी हुई मंडी का भवन लगातार खंडहर होते चला जा रहा है वही मंडी की भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से नही बच पा रही है।

## जब जब पृथ्वी पर पापियों ने आंतक मचाया है तो उनका विनाश करने के लिये भगवान ने जन्म लिया है - पं. राधे श्याम शास्त्री

### घघरौला में चल रहे भागवत कथा पुराण में उमड़ रहा जन सैलाब



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** ग्राम व क्षेत्र की सुख समृति को लेकर ग्राम घघरौला कला में करहैया परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे 2 मार्च से 9 मार्च तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ का जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर महिलाये सुबह 8 बजे से रूद्री निर्माण करते हुये भगवान शिवजी की आराधना में लीन होते हुये देखी जा रही है। इस तरह ग्राम घघरौला में लगातार बह रही धर्म की गंगा में जहां गांव का रूप भगवान शिवजी की नगरी कासी की तरह दिखाई दे रहा है तो कथा वाचक गोगावरी से पधारे हुये पंडित राधे श्याम शास्त्री द्वारा जिस तरह अपनी अमृतमय पूर्ण वाणी में कथा का वाचन किया जा रहा है जिसके चलते क्षेत्र में चारों ओर भगवान श्रीकृष्ण की लालीओं के वर्णन से महौल गोकुल धाम की तरह प्रतीत होते हुये जान पड़ रहा है। इस तरह श्रीमद् भागवत कथा पुराण के चौथें दिवस कथा वाचक पंडित राधे श्याम शास्त्री द्वारा श्रोताओं को श्रीमद् भगवात कथा सुनाते हुये समुद्र मंथन, वामन भगवान के अवतार सहित भगवान राम के जन्म का प्रसंग सहित माता कैकई के वर्णन सुनाने के साथ कहा कि जब जब इस पृथ्वी लोक पर राक्षसों यानि की पापियों का आंतक मचा है तो उनका संहार करने के लिये भगवान ने जन्म दिया है। इस दौरान कथा वाचक राधे श्याम शास्त्री ने बताया कि जब कंस के आंतक से लोग परेशान होने लगे थें तो भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। इस दौरान महाराज जी ने बताया कि कंस की कारागार में बासुदेव व देवकी के भादों मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन पालन नंदबाबा के घर में हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का बध करके पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्त किया और माता पिता को कारागार से किया गया। क्योंकि कंस इतना अत्याचारी था कि उसने अपने पिता को ही बंधक बनाते हुये उनके राजपाट पर कब्जा जमा लिया गया था और जब आकाशवाणी हुई कि उसकी मृत्यु का कारण यानि की मारने वाले उसकी बहिन के गर्भ से जन्म लेता तो कंस द्वारा अपनी बहिन देवकी व बहनोई यानि की बसुदेव को बंधक बनाते हुये उनकी सात संतानों की हत्या कर दी गई थी। मगर जब माता देवकी ने अपने आठवे पुत्र यानि की भगवान श्रीकृष्ण को जन्म दिया गया तो अपने आप ही कारागार के दरबाजे खुल गये थें। वही स्वर्ग में देवताओं की दुन्दुभियाँ अपने आप बज उठी थी। इस तरह कथाके चौथें दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव दौरान संपूर्ण घघरौला पटना गांव जहां भक्ति में लीन हो गया और पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे भक्तों द्वारा जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ बनाते हुये कन्हैया को अपने हाथों में लेकर नाचने से नही चूके वही दूसरी ओर प्रसादी के रूप में गुड हरीरा का वितरण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथाओं साथ महाराज जी द्वारा भगवान के बाल अवस्था की लीलाओं का वर्णन बड़े ही शानदार ढंग से सुनाते हुये भक्तों को भाव विभार कर दिया गया था। भागवत कथा पुराण सुनने के लिये लगातार भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है।

## एनटीपीसी द्वारा नगर किया जा रहा सौतेला व्यवहार- मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर पालिका परिषद में बीते हुये मंगलवार को बैठक कक्ष में स्वच्छता प्रेरणा समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन जिले की कलेक्टर श्रीमति शीलता पटले तथा नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित पार्षदों की मौजूदगी में में हुआ। वही इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड ग्राउंड भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारी व अन्य गणमान्य नागरिकों ने देखा व सुना। इस दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणामों के अनुसार प्रदेश के नगरीय निकायों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर परिणाम लाने के लिए जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की जागरूकता व उनकी सहभागिता के लिए प्रशिक्षण व उत्साहवर्धन किया गया। नगर पालिका परिषद गाडरवारा में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, नगर पालिका अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा सहित नगर पालिका के पार्षदों ने 5 पटवारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण भी किया। यहां उन्होंने योजना, आवक- जावक, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शाखा का अवलोकन किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा जिला कलेक्टर से चर्चा करते हुये एनटीपीसी पर नगर विकास में सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुये नगर विकास के लिये हाथ जोड़कर सहयोग की मांग की गई। नपा अध्यक्ष ने बताय कि नगर पालिका की आर्थिक स्थित ठीक नहीं है, जिसके कारण नगर का चहुंमुखी विकास नहीं हो पा रहा है, आपसे विनम्र आग्रह है कि नगर के विकास के लिये आप प्रयास करें। जिससे नगर की चहुंमुखी विकास संभव हो सके। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा ने व्यक्त करते हुये कहा कि एनटीपीसी के अधिकारियों को कई बार नगर विकास के लिये पत्रों के माध्यम से मांग रखी। लेकिन एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा गाडरवारा नगर के साथ सौतेला व्यवहार किया जा जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष कहा कि आपसे प्रार्थना है कि गाडरवारा नगर के विकास के लिये आप ध्यान देंवे। इसी के साथ उन्होंने नगर विकास के लिये मांग पत्र कलेक्टर को सौंपा। इस दौरान सीएमओ श्रीमति जयश्री चैहान द्वारा स्वागत भाषण में समस्त नगर पालिका की ओर से कलेक्टर का स्वागत अभिनंदन किया। इसी के साथ नपा अध्यक्ष, पार्षद पूजा तिवारी, सभापति आनंद दुबे, पार्षद कमल खटीक द्वारा पुष्पगुच्छ से कलेक्टर का सम्मान किया गया। साथ ही नवनियुक्त पटवारियों को नियुक्ति पत्रों को वितरण कलेक्टर, नपा अध्यक्ष एवं उपस्थिजनों के माध्यम से किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर शीतला पटले द्वारा नगर पालिका के मुख्य कार्यालय में पहुंचकर कार्यालय का मुआयना किया और शाखाओं में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति के बारे में जरूरी जानकारियां ली गई।



## मगरमुहां में हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शासन की व्यवस्थाओं का सही रूप से संचालन होने के साथ हितग्राहियों को उनका लाभ पहुंचने के चलते बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता तथा सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार की मौजूदगी में मंगलवार को जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत मगरमुहां में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्राम चौपाल में मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्यायें जानी। बतायाजाता है इस चौपाल में 15 विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने के साथ ग्रामीणों द्वारा दिये गये विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। चौपाल कार्यमम में श्रीमती मनीषा कौरव, माया कौरव व मालती बाई ने बताया कि उनके घर में पेयजल, बिजली कनेक्शन की समस्या है। इस पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने पीएचई विभाग के ईई रंजन सिंह ठाकुर को एवं बिजली विभाग के अधिकारी को उक्त समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्रामीणों को बताया कि मसूर की फसल का सर्वे राजस्व विभाग के अमले द्वारा किया गया है व इसकी रिपोर्ट शासन स्तर को भेजी जा चुकी है। ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मैदानी अमला और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## पाँचवी-आठवीं बोर्ड पैटर्न पर परीक्षाओं का शुभारंभ आज से




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केन्द्र व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही कक्षा पाँचवीं-आठवीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाये आज 6 मार्च दिन बुधवार से शुरू हो रही है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार विद्यार्थियों के सुलभ आवागमन की दृष्टि से परीक्षा के लिए नजदीकी स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया हैं जिनमे क्षेत्र के चीचली ब्लॉक में 31 परीक्षा केंद्रों पर लगभग कक्षा 5 वी के 2643 एवं कक्षा 8 वी के 2625 एवं साईंखेड़ा ब्लॉक में 25 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 5 वी के लगभग 2961 एवं कक्षा 8 वी के 3048 छात्र छात्राएँ परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए नगर गाडरवारा में बीटीआई, आदर्श , कन्या नवीन, कन्या उ मा शाला एवं सरस्वती स्कूल , साईंखेड़ा में चैतन्य विद्यापीठ एवं सीएम राइज विद्यालय सहित अन्य जगहों पर केंद्र बनाए गए है। इसके अलावा चीचली ब्लॉक में उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, श्री साई पब्लिक एवं स्कॉलर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल , स्टेशन गंज गाडरवारा , सालीचौका में शा बा उ मा एवं शा कन्या उ मा स्कूल सहित अन्य जगहों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 11:30 बजे तक रखा गया है।उल्लेखनीय है कि सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी इस बोर्ड पैटर्न परीक्षा में शामिल होंगे।परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पृथक से एक आईटी पोर्टल तैयार किया है। इसके माध्यम से परीक्षा का पूर्ण संचालन और समस्त व्यवस्थाएँ ऑनलाइन की गई हैं। इसी पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मेंपिंग, सामग्री वितरण आदि कार्यों के संपादन के साथ ही परीक्षार्थियों के रोल नम्बर और प्रवेश-पत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसी पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा के बाद होने वाले मूल्यांकन कार्यों और अंक-सूची प्रदान करने की सुविधा भी इसी पोर्टल के द्वारा प्रदान की जायेगी।हालांकि सभी स्कूलों को प्रत्येक विद्यार्थी को इन परीक्षाओं में शामिल करवाने के निर्देश प्रदान किए हैं। इसके बाद भी कक्षा 5वीं या 8वीं का कोई भी विद्यार्थी अगर किसी कारण से परीक्षा तिथि तक भी पंजीकृत नही हो पाया हो तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के लिए केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों के विवरण को परीक्षा के बाद पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। विदित हो कि परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री जिले से प्राप्त होकर जनशिक्षा केंद्रों तक पहुँच गई है। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों के लिए केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षको के आदेश भी जारी हो गए है। इस बार राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा नया प्रयोग करते हुए साईंखेड़ा के 3 व चीचली के 3 केंद्रों पर परीक्षा दिवस पर प्रश्नपत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर वितरित किए जाने की सुविधा दी गई है। बीते मंगलवार को सभी जनशिक्षा केंद्रों पर बैठकों का आयोजन कर परीक्षाओ के विधिवत संचालन के निर्देश बीआरसी संदीप स्थापक एवं डी के पटैल द्वारा दिये जा चुके है। केंद्र अध्यक्ष भी केंद्रों पर जाकर तैयारियों में जुट गए है। परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों की मॉनिटरिंग हेतु ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम एवं उड़नदस्ते बनाये गए है। बीईओ प्रतापनारायण एवं ए के रघुवंशी ने सभी स्कूलों के प्राचार्यो से परीक्षा में शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को उपस्थित कराने के निर्देश दिए है।

## महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेला स्थल का जिला अधिकारी द्वारा किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र के दौरान पर आई हुई जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर की शक्कर नदी में आयोजित होने वाले 3 दिवसीय मेले एवं डमरू घाटी में स्थित भगवान शिव मंदिर पहुंचकर महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। विदित है कि मेले के दौरान समीपवर्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रों और अन्य प्रांतों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में आवश्यकतानुसार विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था के निर्देश दिये। वही कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्युत संबंधी व्यवस्थाओं में सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सावधानी रखने, पहुंच मार्गों में जगह-जगह रेडियम संकेतक लगाने, मेला क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों व पुल- पुलियों की आवश्यकता के अनुरूप मरम्मत करने, मेला स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था करने, सुलभ व चलित शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। मुख्य सड़क मार्ग पर अनावश्यक भीड़ न हो इसके लिए ट्रेफिक प्लान तैयार करने के निर्देश भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होंने मेला मार्ग व मेला स्थल में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता, साइनबोर्ड, स्वास्थ्य सुविधाओं, वाहन पार्किंग, जांच नाकों, बांस-बल्ली, अलाव, क्रेन आदि की व्यवस्था सहित अन्य आपात व्यवस्थाओं की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



## जनपद कार्यालय के मुख्य द्वार पर फैली गंदगी बता रही स्वच्छता की सच्चाई

**सांईखेड़ा।** जहां एक ओर देश के प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे भारत में स्वच्छता अभियान चलाते हुए अपने हाथों में झाडू उठाने में भी कोई कसर नही छोड़ रहे है, मगर वही दूसरी ओर शासकीय कार्यालयो के सामने फैली हुई गंदगी देश के प्रधानमंत्री की स्वाच्छ भारत स्वास्थ्य भारत के सपने को ग्रहण लगाने से नही चूक रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय के सामने देखने मिल रही है, जहां पर एकत्र होने वाले कचरें को नगर परिषद द्वारा समय पर नही उठाये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि कचरे से भरे हुए डस्टबिनों के चलते संपूर्ण सड़क पर कचरा फैल जाने के कारण जनपद कार्यालय आने जाने वाले लोगों को इस गंदगी के बीच से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, वही दूसरी ओर इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के आलवा आस पास के दुकानदारों को भी अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुए देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 7 मार्च को डिंडोरी आएंगे

**डिंडौरी।** केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 7 मार्च 2024 को प्रातः 8.00 जिला कटनी से प्रस्थान कर प्रातः 11.00 बजे डिंडोरी जिले में आगमन कर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद श्री कुलस्ते शाम 6.00 डिंडोरी से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### वाहनों में लगाए गये रेडियम रिफ्लेक्टर

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवांर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिव कुमार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर सुमित केरकेटटा के निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा रात्रि के समय वाहनो के टकराने से होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने के उद्देश्य से ट्रेक्टर-ट्राली पिकअप, आटो आदि वाहनो मे रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाए गये। हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगााने के प्रति वाहन चालको को समझाइस दी गयी। उन्हे बताया गया कि यदि आप बाइक चलाते समय हेलमेट लगाते है तो दुर्घटना घटित होने पर भी आप पूरी तरह से सुरक्षित रहेगे फोर व्हीलर चलाते समय सीटबेल्ट जरूर लगाए ये आपकी सुरक्षा के लिय है धारण जरूर करे, तीन सवारी बैठकर वाहन न चलाए। मोबाईल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाए। नाबालिक बच्चो को वाहन न दे। हमेशा वाहन को सावधानी एवं निर्धारित गति में ही चलाए।

### स्वीकृत निर्माण कार्यों को दो दिवस में प्रारंभ करने कलेक्टर के निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में निर्माण विभागों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विभागों के कार्य स्वीकृत कर दिए गए हैं, उन स्वीकृत कार्यों को 2 दिवस के अन्दर प्रारंभ कराया जाए और कार्य की जिओ टैग फोटोग्राफ उपलब्ध कराई जाए। जिससे चुनाव आचार संहिता में कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को दी गई समय-सीमा में कार्यों को प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिले में जिन कार्यों की पूर्णता हो गई है, उनका लोकार्पण भी इस सप्ताह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, ऊर्जा, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग (भवन) व सेतु निगम तथा जनपद व नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिशानिर्देश दिए।

### ग्राम सरहाकोना में जन समस्या निवारण शिविर का किया गया आयोजन

**अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के बैगा बाहुल्य ग्राम सरहाकोना में जन समस्याओं के निराकरण तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दीपक पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर में तहसीलदार अनुपम पाण्डेय, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.के. बाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही सिकलसेल जांच एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया।

### अन्न (मिलेट्स) एवं कृषि विज्ञान मेले का होगा आयोजन

**अनूपपुर।** सब मिशन ऑन एग्रील्चर एक्सटेंसन (आत्मा) अन्तर्गत जिला स्तरीय अन्न (मिलेट्स) एवं कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 07 से 08 मार्च 2024 को दोपहर 12:00 बजे किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के नवीन कार्यालय परिसर कलेक्ट्रेट कालोनी के पीछे, डाईट भवन के पास अनूपपुर में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि एन.डी. गुप्ता ने बताया है कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल द्वारा किया जाएगा।

## किसान की शिकायत पर सीबीआई ने दबोचा

# गोरखपुर सेंट्रल बैंक का प्रबंधक 10 हजार रु रिश्वत लेते पकड़ाया

**किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर मांगी थी किसान से रिश्वत**

**जबलपुर सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टीगेशन की टीम द्वारा की गई कार्रवाई**

जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत गोरखपुर कस्बा में संचालित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का शाखा प्रबंधक 8 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



जबलपुर सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टीगेशन की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई है। आरोपित शाखा प्रबंधक राहुल राजपूत किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर 10 हजार की रिश्वत किसान से मांग रहा था। पीड़ित किसान सत्यम दुबे की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। 500-500 सौ रुपये के 16 नोट कुल 8 हजार रुपये पीड़ित सत्यम दुबे द्वारा मंगलवार की दोपहर बैंक शाखा में जाकर प्रबंधक के चेंबर में उसे दी गई। आरोपित द्वारा पैसा लेकर अपने जेब में रख लिया गया था।

उसके बाद घात लगाए बैठी जबलपुर सीबीआई की टीम ने आरोपित के पास से जेब मे रखे पैसे बरामद किए हैं। आरोपित को गाड़ासरई के रेस्ट हाउस लाया गया, जहां पर आगे कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि खबर लिखे जाने तक बैंक मेनेजर का समनापुर में रहते हैं और उनके घर पर भी जांच टीम कार्यवाही कर रही है। मामला यह है कि पीड़ित सत्यम दुबे ने बताया किसान क्रेडिट कार्ड का लिमिट 1 लाख 67 हजार बना था। उसकी राशि स्वीकृत करने के नाम पर शाखा प्रबंधक रिश्वत मांगने के साथ लंबे समय से परेशान भी कर रहा था। इसी के चलते मजबूरी में उनके द्वारा लोकायुक्त में शिकायत की गई। बताया गया कि पैसा निकालने पर आरोपित के हाथ रंग गए। उसका पेंट भी उतरवा कर जब्त किया जा रहा है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है पर आदिवासी बहुल क्षेत्र में भ्रष्टाचार और रिश्वत कम होने का नाम नहीं ले रही है।




## स्कूल आंगनबाड़ी पहुंच जानकारी प्रदान कर रहा इकाई

**हरिभूमि न्यूज गोरखपुर ।** डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रैतवार में करंजिया शासकीय शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा प्राचार्य प्रमोद वास्पे के निर्देशन में स्कूल आंगनवाड़ी में जाकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं, इसी तारतम्य में मंगलवार को स्वयंसेवकों द्वारा आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र रैतवार में पोषण आहार कार्यक्रम में पहुंच हिस्सा लिया जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस दरमियान कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह दांगी ने केंद्र में उपस्थित गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई गई योजनाएं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, बाल आशीर्वाद योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कुपोषण को कैसे दूर किया जा सकता है यह भी बताया।

**हाईस्कूल में कार्यक्रम-**

इकाई के द्वारा रैतवार शाउमावि के छात्र छात्राओं को में नई शिक्षा नीति एवं कॉलेज चलो अभियान के विषय में जानकारी प्रदान किया गया प्रो डॉ प्रेम शंकर साहू ने नई शिक्षा नीति में जीवन कौशल के महत्व तथा अलग-अलग संकाय के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग विषयों का चयन व्यावसायिक पाठ्यक्रम आदि के बारे में समझाते हुए कहा कि यदि छात्र चाहें तो उपरोक्त बातों का पालन कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि अनुभव प्राप्त करने के लिए छात्र जीवन बहुत महत्वपूर्ण है इसे व्यर्थ न गंवाएं। इस दौरान कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गिरिजा परस्ते स्वयंसेवक महेश छोटू राकेश अंशु आदि उपस्थित रहें।

## तितराही के जंगल में लगे हरे भरे वृक्षों की हो रही अधाधुंध कटाई

### जिम्मेदारों की लापरवाही से जंगल हो रहे वीरान, कुंभकर्णीय नींद में अफसर








### वन परिक्षेत्र उत्तर समनापुर के तितराही बीट का मामला

हरिभूमि न्यूज समनापुर।

डिंडौरी जिले में हरे भरे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है,यहां पर खुलेआम छोटे छोटे पेड़ों की कटाई कर जंगल को वीरान किया जा रहा है,और वन विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

दरअसल सामान्य वन मंडल डिंडौरी अंतर्गत वन परिक्षेत्र उत्तर समनापुर के बीट तितराही परिक्षेत्र समनापुर के कक्ष क्रमांक 344 में खुलेआम हरे भरे पेड़ो की कत्लेआम किया जा रहा है। यहां के जंगल के पेड़ो को काटकर वीरान किया जा रहा है,और जिम्मेदार कुंभकर्णीय नींद में है।

एक तरफ सरकार के द्वारा जंगलों की अवैध कटाई को रोकने के लिए वन विभाग में बीट गार्ड के रूप में कर्मचारी तैनात कर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है,जिससे पेड़ो की अवैध कटाई को रोका जा सके। लेकिन यहां पर सरकार के मंशा के विपरीत कार्य हो रहा है।

### वृक्षों को काटने से हो रहे नुकसान

वन संरक्षण हेतु प्रतिवर्ष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वृक्षों को काटने से मिट्टी का अपरदन बढ़ रहा है, पर्यावरण का संतुलन प्रभावित हो रहा है,साथ ही इसका सीधा असर जीव-जन्तुओं पर पड़ रहा है।

### जिम्मेदारों पर कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

जिस तरह तितराही बीट में अंधाधुंध हरे भरे पेड़ो की कटाई की जा रही है,उससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदारों के द्वारा पेड़ो को बचाने में कोई रुचि नही है।

जबकि वृक्षों की अवैध कटाई की रोक लगाने के लिए हर बीटों में बीट गार्ड रखे गए हैं,उसके बावजूद इनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

यह भी कह सकते हैं कि बीट गार्ड को पेड़ो को बचाने या सुरक्षित रखने में रुचि नही है,जिसके चलते धड़ल्ले से पेड़ो की कटाई कर जंगल को वीरान किया जा रहा है।

### इनका कहना है

मैं प्रतिदिन बीट क्षेत्र का भ्रमण कर रहा हूँ,वहां पर कटाई नही हो रही है।

**-संजय सोनी, बीट गार्ड,तितराही,समनापुर**

आपके माध्यम से जानकारी मिली है,इसकी जल्द ही जांच करा लेंगे।

**-साहिल गर्ग डीएफओ,डिंडौरी**

# शहपुरा में संपन्न हुआ मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत सामूहिक विवाह समारोह

### कार्यक्रम में 243 वर वधु परिणय सूत्र से बंधे








हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में आज मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजु ब्यौहार, जनपद अध्यक्ष अमरपुर हन्नू सिंह पट्टा, जनपद अध्यक्ष करंजिया चरण सिंह धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शकुन कुशराम, नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू, जनपद सदस्य अमरपुर श्रीमती मालती तिवारी, कृष्णा बैरागी, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रंजीत कटारे सहित सीईओ जिला पंचायत विमलेश सिंह, सयुंक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा आर.पी. तिवारी, उप संचालक सामाजिक न्याय सामाजिक न्याय श्याम सिंगौर, सीईओ जनपद पंचायत शहपुरा गणेश पाण्डेय, तहसीलदार पुष्पेंद्र पेंन्द्रो, सीईओ जनपद मेहंडवानी अरविन्द बोरकर, सीईओ अमरपुर लोकेश नारनवरे, सीईओ डिंडोरी निखिलेश कटारे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में 243 वर वधु परिणय सूत्र से बंधे। जिनमें से शहपुरा के 70, अमरपुर के 50 मेहंदवानी 57, डिंडोरी के 57, करंजिया के 8, बजाग के 1 वर-वधु शामिल रहे। प्रशासन ने सभी युगलों को टोकन प्रदान करने की व्यवस्था की और जनपद ब्लॉक के आधार पर अलग अलग पंडालों का निर्माण किया। कार्यक्रम में नृत्य, गुदुम बाजा की रोचक प्रस्तुति दी गयी। विवाह पूरी रीति रिवाज से सम्पन्न हुए। वैवाहिक रीतियों को पुजारी पंडित शास्त्री सुरेश दुबे, विष्णु तिवारी, जनजातीय समुदाय के धर्म गुरु धरमु सिंह कुढ़ापा, कन्हाई सिंह भवेदी, भीमपार ने विवाह संपन्न कराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुद्रेश परस्ते और सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जोड़ों को प्रतीकात्मक चैक प्रदान किया गया, जिसकी राशि 243 वर वधुओ को ऑनलाइन उनके बैंक खाते में प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में लगभग छः हजार लोग दोनों पक्ष से शामिल हुए। कार्यक्रम में परिवारजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। सभी के भोजन के पश्चात कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## मौहरी ने भोलगढ को 16 रनों से हराकर प्रतियोगिता किया अपने नाम

**10 ओव्हर में मौहरी के 81 रनों का लक्ष्य नहीं पार कर पाई भोलगढ की टीमें**

**अनूपपुर।** बरबरपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को जीतने वाली मौहरी के टीम को 5 हजार रूपए का नगद पुरूस्कार दिया गया साथ ही शील्ड देकर सम्मानित किया गया। तथा उपविजेता टीम को 2200 रूपए नगद पुरूस्कार के साथ शील्ड प्रदान किया गया। सभी अन्य खिलाडियों को अपने प्रदर्शन के हिसाब से शील्ड देकर पुरूष्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि के द्वारा सभी खिलाडियों को सम्मानित किया गया।

**10 ओव्हरो का हुआ मैच**-क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता ने मीडिया को बताया कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण स्तरीय होगा जिसमें कुल 16 टीमों को ही प्रवेश दिया गया था, प्रवेश शुल्क मात्र 551 रुपये रखी गयी थी। प्रथम पुरस्कार- 5 हजार, द्वितीय पुरुस्कार 2200, रखा गया था। मैन ऑफ दी सीरीज 50 रुपए एवं फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच पुरुस्कार 101 रुपये दिया गया। इसके अलावा भी हैट्रिक छक्के एवं विकेट लेने वाले प्रत्येक खिलाडी को 100 रुपये का नगद पुरुस्कार कमेटी द्वारा दिया जाता, परंतु किसी भी टीमों के द्वारा हैट्रिक छक्के नही जडा गया। प्रत्येक मैच 10 ओवर का खेला गया, जिसमे प्रत्येक खिलाडी एक ही ग्राम पंचायत से होना अनिवार्य किया गया था। खिलाडियों को अपना आधरकार्ड भी साथ लाना था, जिससे उनकी पहचान की जा सके। मैच के दौरान अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

**रोमांचक रही प्रतियोगिता-** ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शामिल दर्शकों व अतिथियों के द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित किया गया, खेल के दौरान खिलाडियों ने पूरे समय तक प्रतियोगिता में रोमांच बनाये रखा। अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक ओव्हरो में चार विकेट तथा एक ही औव्हर में बैट्समैन के द्वारा 15 रन भी बनाये। मौहरी और भोलगढ के बीच खेले गये प्रतियोगिता में मौहरी की टीम ने 81 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके एवज में भोलगढ की टीम महज 75 रनों में सिमट गई। खेल समाप्त होने के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ग्राम पंचायत बरबसपुर के सरपंच बिसाहूलाल कोल तथा भारतीय जनता मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष पीयूष पटेल के द्वारा सभी खिलाडियों को पुरूस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

# 77 नव नियुक्त शासकीय सेवकों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

### सम्मानित हुये स्वच्छता कर्मचारी

अनूपपुर।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा समारोह में प्रदेश के 8500 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के एकलव्य विद्यालय परिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। इस अवसर पर जिले के सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया तथा विभिन्न विभागों के नवनियुक्त शासकीय सेवकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत



अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, नगरपालिका अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, तहसीलदार गौरीशंकर शर्मा, एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनूपपुर, नपा के विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सोनी, शिवरतन वर्मा, राजेश सिंह सहित सफाई कर्मचारी, नवनियुक्त शासकीय सेवक सहित अन्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में 67 पटवारी, 5 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा 5 स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही रोजगार, स्वरोजगार प्रदान किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नवनियुक्त शासकीय सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे जनहित के सेवा कार्यों के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की।

# मांगों को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

## सर्वे कराकर दिया जाये मुआवजा







### धरना प्रर्दशन के दौरान किसान का बिगड़ा स्वास्थ्य

**मंगलवार को किसान संघ एवं किसानों द्वारा तीन अलग - अलग ज्ञापन सौपें गये । द्वारा किसानों की विंभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रर्दशन कर मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया ।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

दूसरा ज्ञपन तहसीलदार करेली तथा तीसरा ज्ञापन वन मंडल अधिकारी को सौंपा गया । कलेक्ट्रट मे धरना प्रर्दशन कर रहे किसानों मे बरिष्ठ किसान का स्वास्थ्य भी बिगड़ गया जिसे उपचार हेतु ले जाया गया । तीनों ज्ञापन मे किसानों के हितों को लेकर मांग की गई जिसमे फसलों के उचित दाम, मुआवजा तथा किसानों को उचित दाम पर उपयोंगी सामग्री दिये जाने की मांग की गई है ।

### सर्वे कराकर किसानों को दिया जावे मुआवजा

किसान संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम ये मांग की गई है कि बारिश व पाला के कारण किसानों की बहुत सी फसले खराब हो चुकी है तथा जिले के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के कारण फसल खराब हुई है उन किसानों का सर्वे कराकर अतिशीघ्र मुआवजा दिया जावे जिससे किसानों को आर्थिक क्षति ना उठानी पड़े । ज्ञात हो कि मौसम खराब होने के कारण किसानों की फसले काफी मात्रा मे खराब हुई है जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है । किसान संघ द्वारा मांग की गई है कि सर्वे कराकर मुआवजा दिया जावे जिससे किसानों की आगामी कृषि कार्य के लिये तैयारी कर सकें ।

### ये रही मांगें

भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों के हित मे मांग रखते हुये ज्ञापन मे दिया गया जिसमे उल्लेख किया गया है कि विधानसमा चुनाव के घोषणापत्र में वादा किया गया कि प्रदेश के किसानों को गेंहू 2700 रुपये प्रति विंटल एवं धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल दिया जायेगा । घोषणा अनुसार किसानों का 2700/- रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जावे एवं खरीदी गई धान 100 क्विंटल के मान से भुगतान किया जावे। स्वामीनाथन आयोग सिफारिश लागू कर 2+50 लाभकरी मूल्य निर्धारित किया जाये। एम.एस.पी. गारन्टी कानून बनाया जाने। कृषि उपकरणों से जीएसटी हटाया जाये। प्रधानमंत्री पासल बीमा योजना में खेत को ईकाई माना जाने। वर्तमान में मौसम की मार से चौपट हुई खाद्यान्न कसलों एवं पान फसल का सर्वे कराकर मुआवजा राशि एवं बीमा राशि दिलाई जाये। जिले में कृषि सिंचाई हेतु १० हजार से अधिक कनेक्शन एवं 35 हजार ट्रान्सफार्मर है जो आप दिन जलते रहते है जले हुए ट्रान्सफार्मर को बदलने के लिए जबलपुर से बुलाए जाते है जिससे लगभग 8-10 दिन का समय लग जाता है जिसरी किसानों की फसलों का काफी नुकसान उठाना पड़ता है इसलिए खमतरा स्थित एस टी सी आफिस से लगी हुई शासकीय भूमि पर ट्रान्सफार्मर ऐरिया बनाया जाये। बडगुवा स्थित आर आर एग्रो शुगर मिल से गन्ना किसानों का भुगतान जो विगत 2 वर्ष से लंबित है जो जल्द से जल्द किसानों को कराया जाये। जिले में प्रदेश का 62 प्रतिशत गन्ना उत्पादन होता है इसलिए जिले में सहकारी शुगर मिल की स्थापना कराई जाये तथा किसानों एक्ट के तहत भुगतान किया जावे।

### पान की फसल पर मुआवजा की मांग

किसानों द्वारा तहसीलदार करेली को सौंपे गये ज्ञापन मे बताया गया है कि ग्राम निवारी पान में परंपरागत पान की खेती पर आधारित लगभग 100 परिवार से अधिक है जो कि पान उत्पादन से ही अपना जीवन यापन करते हैं। वर्तमान में पान बरेजों में हुई अतिवृष्टि एवं अत्यधिक शीतलहर चलने के कारण पान की फसल में नुकसान हो गया है और पान की फसल क्षतिग्रस्त हो गई है। पान में नुकसान हो जाने से पान किसानों के परिवारों पर रोजी-रोटी का संकट आ गया है पान कृषकी का पान के अलावा कोई व्यवसाय न होने से आधिक तंगी का सामना करना पड़ रहा ज्ञापन मे मांग की गई है कि राजस्व विभाग आर बी सी 6(4) के तहत कृषकों को मुआवजा दिया जावे । वही मंडल अधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन मे बताया गया है कि पान किसानों को उचित दाम पर बांस उपल्ब्ध कराया जावे ।

### कृषि प्रधान है जिला

जिले मे आय का सबसे प्रमुख साधन कृषि तथा जिले की आबादी का लगभग 63 प्रतिशत व्यक्ति किसान है और किसानों की फसले खराब हो जाने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो जाती है । रवि सीजन सत्र मे मौसम खराब होने के कारण किसानों की काफी फसले प्रभावित हुई है । जिसे लेकर किसान तथा किसान संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन मे जिले के बड़ी संख्या मे किसान तथा किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।



# महाशिवरात्रि पर्व मेले की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने महाशिवरात्रि के पर्व पर गाडरवारा में आयोजित होने वाले 3 दिवसीय मेले एवं डमरू घाटी में स्थित भगवान शिव मंदिर पहुंचकर महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। विदित है कि मेले के दौरान समीपवर्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रों और अन्य प्रांतों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में आवश्यकतानुसार विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्युत संबंधी व्यवस्थाओं में सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सावधानी रखने, पहुंच मार्गों में जगह-जगह रेडियम संकेतक लगाने, मेला क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों व पुल-पुलियों की आवश्यकता के अनुरूप मरम्मत करने, मेला स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था करने, सुलभ व चलित शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। मुख्य सड़क मार्ग पर अनावश्यक भीड़ न हो इसके लिए ट्रेफिक प्लान तैयार करने के निर्देश भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये। उन्होंने मेला मार्ग व मेला स्थल में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता, साईनबोर्ड, स्वास्थ्य सुविधाओं, वाहन पार्किंग, जांच नाकों, बांस-बल्ली, अलाव, क्रेन आदि की व्यवस्था सहित अन्य आपात व्यवस्थाओं की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# अविप ने प्रर्दशन कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में टीएमसी नेताओं द्वारा ममता बनर्जी की सरकार के संरक्षण में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बर्बरता, यौन उत्पीड़न के मामलों के विरोध में स्थानीय नगर पालिका चौक पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रर्दशन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नरसिंहपुर जिले की जिला संयोजक कु. ओशी कुशवाहा ने जन जागरूकता करने हेतु कहा की महिला नेतृत्व के बाद भी महिलाओं की इतनी दुर्दशा है तो सोचिए अगर ऐसी ही सरकार अधिक राज्यों में होगी तो हमारे भारत वर्ष की क्या दशा हो जायेगी। कहा की एक ऐसे राज्य में जहां दुर्गा पूजन शक्ति पूजन विशेष हो वहां महिलाओं की आवाज सुनने वाली शक्ति ही नही है।

अभाविप के विभाग संयोजक अनुभव सिंह कौरव ने बताया की किस प्रकार संदेशखाली में टीएमसी गुंडों द्वारा ईडी टीम के उपर पथराव एवं एफआईआर करने में देरी के उपर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई । अभाविप के प्रदर्शन के समर्थन में नगर की महिला समन्वय द्वारा कलेक्टर द्वारा भी राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। महिला समन्वय की संयोजिका श्रीमति प्रवीणा गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी, नीता शर्मा, मंजुलता लोधी, महिमा लोधी आदि उपस्थित रहीं वही अविप से नगर मंत्री श्रेयांश गुप्ता, वैभव कतिया, मयंक नेमा, हर्ष मिश्रा, शालिनी शर्मा, अंशुमन दुबे, जय चौधरी, श्वेता चौधरी, रीतेश तिवारी, रिजु, रिशु, कृतिका मेहरा, दीक्षा रजक, श्रुति यादव, पलक कहार एवं बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक महिलाएं उपस्थित थी।

# रासेयो शिविर मे नश मुक्ति का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ.ममता शर्मा के संरक्षण तथा रासेयो छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस.मर्सकोले के निर्देशन में रोहित सिंह गोंड के सहयोग एवं देवांश पचौरी के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवस विशेष शिविर में द्वितीय दिवस को प्रभात फेरी में उठ जाग मुसाफिर गीत के धुन से शुभारंभ कर संपन्न हुई। स्वयंसेक विश्वास जाटव ने पी.टी.और योग कराया। विगत दिवस की गतिविधियों को स्वयंसेवकों ने शिविर दर्पण के माध्यम से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। श्रम सीकर में शिविर प्रशिक्षक रोहित सिंह गोंड के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास एवं बैच की जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई।भोजन के पश्चात बौद्धिक सत्र में गतिविधि अनुसार स्वयंसेवक छात्र राज पटेल को अध्यक्ष बनाया गया, तथा समाजसेवी रामप्रसाद ठाकुर ने बताया कि नशे के कारण युवाओं की शक्ति क्षीण होती जा रही है, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस. मर्सकोले ने बताया कि नशा न करने वाला व्यक्ति युवा का जीवन व्यवस्थित होता है, साथ ही शिविर नायक देवांश पचौरी ने कहा जिस परिवार के लोग नशा नहीं करते उनका परिवार अच्छा होता है, बौद्धिक सत्र का संचालन स्वयंसेवक छात्र राज ढिमोले तथा आभार रेवाराम चौधरी ने किया। जनसंपर्क में रोहित नौरिया,साहिल खान,राजू सिंह,नितिन जाटव ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश दिया।



# जर्जर पुल पर हुआ हादसा

नरसिंहपुर ।

तेंदूखेड़ा ग्राम इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर बने जर्जर पुल पर एक ट्रेक्टर ट्राली पर लगी खनन करने वाली बोरवेल की मशीन पलट गई। जिसका ड्राइवर और क्लीनर दोनों मशीन को पुल पर छोड़कर भाग निकले किसी भी प्रकार की कोई जन हानी नहीं हुई है।जिस समय यह मशीन पुल से गुजर रही थी उस समय पुल पर अन्य कोई और व्यक्ति नहीं था और ना ही बाहन गुजर रहा था नहीं तो गंभीर घटना घटित हो सकती थी।आये दिन इस तरह के हादसे यहां पर होते रहते हैं विगत वर्ष भी एक गन्ने से भरी टेक्ट्रर ट्राली पलट गई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई थी। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे। उक्त मशीन राजमार्ग के आसपास की बताई जा रही है। गौरतलब रहे कि इमझिरा के समीप बरांझ नदी एवं डोभी के समीप पाडांझिर नदी पर बने पुल काफी जर्जर हो जाने के साथ आये दिन घटना दुर्घटना घटित होती रहती है। मंगलवार को ही इस विषय को समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था और अपरान्ह चार बजे के लगभग यह हादसा हो गया।इस तरह की घटनाओं के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद ना खुल पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।

# आज से 34 परीक्षा केंद्रों पर होगी 5 वीं, 8 वीं की परीक्षा

**तेंदूखेड़ा-** चाँवरपाठा विकासखंड के 09 जनशिक्षा केन्द्रों मे कक्षा 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज 06 मार्च से शुरू होंगी इसके लिए विकासखंड चाँवरपाठा में 34 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं कुल 5180 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिसमें कक्षा 5वीं मे 2585 एवं 8वीं के 2595 विद्यार्थी शामिल होंगे। छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से इस बार कुछ निजी स्कूलों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। विभाग की गाइडलाइन के अनुसार एक जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुछ जनशिक्षा केंद्रों पर चार केंद्र बनाए गए हैं। गतवर्ष की भाँति इसवर्ष भी पर्यवेक्षक व केंद्राध्यक्ष बाहर के रहेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए 2.30 घंटे का समय दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र से निर्देश जारी होने के बाद तैयारियां पूर्ण करने हेतु शिक्षक तैयारियों मे जुटे रहे। छात्रों को प्रवेश पत्र भी जारी किए जा चुके है जिसका वितरण 1 मार्च से शुरू हो गया था। गौरतलब है कि कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा 2007-08 में बंद हो गई थीं। आरटीई (शिक्षा का अधिकार) लागू होने के बाद वार्षिक मूल्यांकन शुरू हो गया था, जिसमें सभी विद्यार्थियों को पास कर दिया जाता था। जिससे कमजोर छात्र भी पास होने लगे थे इसी के चलते शासन ने पिछले वर्ष से बोर्ड परीक्षा शुरू की है । परीक्षा का समय सुबह 9 से 11:30 बजे तक रखा गया है। कक्षा पांचवी एवं आठवीं की परीक्षा 14 मार्च को खत्म होगी वहीं इस बार 100 अंकों में से 60 फीसदी अंकों की लिखित परीक्षा कराई जाएगी। वहीं 20 अंक प्रोजेक्ट वर्क के मिलेंगे और 20 नंबर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दिए जाएंगे। जनशिक्षा केंद्रों पर कॉपियां एकत्रित होंगी और विकासखंड स्तर पर ही मूल्यांकन होगा। नकल पर अंकुश लगाने के लिए भी विशेष टीमें गठित की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग की लज्जा भंग करने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर ।** न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी कालूराम उर्फ कल्लू हरिजन आ0 स्व. कन्छेदीलाल हरिजन आयु 50 वर्ष, निवासी ग्राम ढुरसुरू, थाना चीचली जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा-354 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/- रुपए जुमार्ना, धारा-7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/- जुमार्ना तथा धारा-11(1)/12 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/- जुमार्ना सें दंडित किया गया।

### पीएम सूर्य घर योजना की अंतिम तिथि 10 तक

**नरसिंहपुर ।** सरकार द्वासरा पीएम सूर्य घर योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के माध्यम से देश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने की शुरूआत की गई है। इस योजना के जरिए देश में रह रहे लाभार्थियों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली प्रदान की जाएगी। पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से देश में रहे करोड़ों घरों को बिजली की रोशनी प्रदान की जाएगी। इस योजना का लक्ष्य लोगों के घरों को बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य मे अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता मे कमी की जा सके। इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा। ेंद्रीय विभाग ने सर्वे की जिम्मेदारी सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर्स) को सौंपी है। सीएससी के प्रतिनिधि ही घर घर जाकर योजना के फायदे बता रहे है। सीएससी एस पी वी के जिला प्रबंधक मनमोहन साहू ने बताया कि शहर के साथ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। 1 से 10 किलो वॉट के विघुत उपभोगता इसमें पंजीयन करा सकते है। इस योजना का लाभ लेने के लिए घरो में वैध बिजली कनेक्शन का होना जरुरी है। पंजीयन के बाद अटल अक्षय ऊर्जा विभाग भवनस्वामी से सम्पर्क करेगा। इसमें उपभोगता को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा भारी अनुदान दिया रहा है।

### डॉक्टर संवाद एवं सुझाव कार्यक्रम का आयोजन




**नरसिंहपुर ।** मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा डॉक्टर संवाद एवं सुझाव का कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर डॉ.राकेश बोहरे की उपस्थि में तथा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.राकेश बोहरे ने आने वाले 5 वर्षों का चिकित्सा संबंधी रोड मैप बताया। राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की संकल्पना में स्वास्थ्य की अहम भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा द्वारा किया गया।

### स्काउट संघ की जिला बैठक संपन्न



**नरसिंहपुर ।** जिले में स्काउट की गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर सुचारू संचालन करने एवं विद्यालय स्तर पर जारी गतिविधियों के संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी के मार्गदर्शन में डाइट सभागार कक्ष में प्रशिक्षित स्काउट बेसिक मास्टर की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आयुक्त स्काउट जिला संघ जी के नायक प्रशिक्षण प्राप्त बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण में सफल प्रतिभागियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन अर्चन कर राबर्ट स्टिफैंस स्मिथ बैडन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर स्काउट गाइड प्रार्थना की गई।